## एक नजर में

### गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश पर्व मनाया, गुरुद्वारे में शबद कीर्तन, आरती और अटूट लंगर का आयोजन



**नीमच।** सिक्ख समाज विकास समिति की ओर से श्री गुरु गोविंद सिंह जी का 360वां प्रकाश पर्व मनाया गया। यह आयोजन शहर के नपा कार्यालय के सामने स्थित गुरुद्वारे पर हुआ। गुरु गोविंद सिंह जी को शेर-ए-हिंद के नाम से भी जाना जाता है। प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरुद्वारे को आकर्षक विद्युत साज-सज्जा से सजाया गया था। शनिवार को शबद कीर्तन का आयोजन किया गया। इसके बाद गुरु का अटूट लंगर आरंभ हुआ, जिसमें सिक्ख समाज के सदस्यों सहित अन्य समाजजनों ने भी बड़ी संख्या में लंगर प्रसादी ग्रहण की। रात में हजूरी रागी जत्था की ओर से शबद कीर्तन प्रस्तुत किया गया। इसके बाद स्त्री सत्संग की ओर से भी शबद कीर्तन किया गया। देर रात गुरुद्वारे में सिक्ख समाजजनों की उपस्थिति में आरती की गई, जिसके बाद फूलों की वर्षा के साथ अरदास भी की गई। कार्यक्रमों के समापन के बाद देर रात्रि में गुरुद्वारे के बाहर समाजजनों की ओर से रंगारंग आतिशबाजी की गई। इस अवसर पर सिक्ख समाज विकास समिति के अध्यक्ष हरभजनसिंह सलूजा, सचिव सतपालसिंह छाबड़ा, कोषाध्यक्ष संदीपसिंह सलूजा, उपाध्यक्ष रघुवीरसिंह अरोरा, सह सचिव गगनदीपसिंह सलूजा, कार्यकारिणी सदस्य जोगेंद्रसिंह सलूजा, हरजीतसिंह छाबड़ा और मीडिया प्रभारी मनदीपसिंह गौत्रा सहित बड़ी संख्या में सिक्ख समाज के महिला-पुरुष, युवक-युवती और वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

### कांग्रेस स्थापना दिवस पर बवाल, युवा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष के सामने गाली-गलौज, धक्का-मुक्की और 'गद्दार' के नारे

**नीमच।** जिस मंच से कांग्रेस संगठन की एकजुटता और शक्ति का संकल्प लिया जाना था, वहीं से कांग्रेस की अंदरूनी कलह सरेआम फूट पड़ी। कांग्रेस स्थापना दिवस पर गांधी भवन में आयोजित कार्यक्रम उस वक्त हंगामे में बदल गया, जब युवा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष यश घनघोरिया की मौजूदगी में ही कार्यकर्ताओं के दो गुट आमने-सामने भिड़ गए। हालात इतने बिगड़े कि गाली-गलौज, धक्का-मुक्की और गद्दार है-गद्दार है के नारे गूंजने लगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जावद विधानसभा अध्यक्ष श्रवण सेन के नेतृत्व में राहुल अहीर, अर्जुन गुर्जर और ऋषि अहीर सहित कई कार्यकर्ता युवा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष यश घनघोरिया का स्वागत कर उन्हें राजकुमार अहीर के कार्यालय ले जाना चाहते थे। इसी बात को लेकर नीमच जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरुण बाहेती और उनकी टीम ने खुला विरोध किया। विरोध के दौरान पहले तीखी बहस हुई, लेकिन देखते ही देखते मामला धक्का-मुक्की और गाली-गलौज तक पहुंच गया। इस दौरान तरुण बाहेती लगातार राजकुमार अहीर के कांग्रेस से निष्कासन की बात दोहराते रहे, जबकि दूसरी ओर मौजूद युवा कार्यकर्ताओं ने तरुण बाहेती के खिलाफ गद्दार है-गद्दार है के नारे लगाना शुरू कर दिया। कुछ देर के लिए गांधी भवन का माहौल पूरी तरह तनावपूर्ण हो गया। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि यह पूरा घटनाक्रम युवा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष यश घनघोरिया के सामने घटा। जिस कार्यक्रम को संगठन की मजबूती का संदेश देना था, वहीं अनुशासनहीनता और गुटबाजी खुलकर सामने आ गई। हालांकि मौके पर मौजूद वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों ने हस्तक्षेप कर स्थिति को संभाला और आगे का कार्यक्रम किसी तरह आगे बढ़ाया गया, लेकिन तब तक कांग्रेस की अंदरूनी कलह सार्वजनिक मंच पर उजागर हो चुकी थी। नीमच जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरुण बाहेती ने घटनाक्रम को लेकर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस से निष्कासित राजकुमार अहीर के कहने पर जानबूझकर कार्यक्रम बिगाड़ने की कोशिश की गई। उनके समर्थकों ने माहौल खराब किया और अनुशासनहीनता फैलाई। तरुण बाहेती ने कहा कि कांग्रेस स्थापना दिवस जैसे गरिमामय कार्यक्रम में संगठन को बदनाम करने की साजिश रची गई, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाशत नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि पूरे मामले की जानकारी प्रदेश नेतृत्व को दी जा रही है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की जाएगी।

### सड़क हादसे में घायल बुजुर्ग ने 20 दिन बाद तोड़ा दम, बघाना पुलिस कर रही जांच

**नीमच।** शहर के बघाना थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अमावली महल निवासी 75 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद करीब 20 दिन तक चले उपचार के पश्चात रविवार को निजी अस्पताल में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर बघाना पुलिस ने जिला चिकित्सालय नीमच में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। बघाना पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान गोविंद पिता स्वर्गीय पहाड़ सिंह, उम्र 75 वर्ष, निवासी ग्राम अमावली महल के रूप में हुई है। गोविंद 24 नवंबर को हुई एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। यह हादसा दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर के कारण हुआ था। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि दूसरी बाइक पर सवार व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि गोविंद को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हादसे के बाद से ही गोविंद का इलाज लगातार चल रहा था और उनकी हालत नाजुक बनी हुई थी। लगभग 20 दिनों तक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान रविवार को उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया और शव परिजनों को सौंप दिया है। बघाना थाना पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना जारी है और दुर्घटना से जुड़े सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है।

### पर्यावरण मित्रों ने सुभाष वाटिका एवं विश्व संकल्प पर्यावरण वाटिका परिसर में किया श्रमदान




**नीमच।** स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में विगत 11 वर्षों से निरन्तर अभियान चला कर शहर को स्वच्छ सुंदर पर्यावरण युक्त बनाने में जुटी हुई संकल्प पर्यावरण मित्र संस्था नीमच के सदस्यों ने रविवार दिनांक 28 दिसंबर 2025 को प्रात: 7 से 8 बजे तक फुव्वारा चोक स्थित सुभाष वाटिका परिसर में स्वच्छता अभियान के तहत परिसर से प्लास्टिक पोलेथिन थैलियां पन्नी एवं गंदा कचरा एकत्रित कर गेट के बाहर ढेर लगाए इसके पश्चात हवाई अड्डा झांझरवाडा मार्ग स्थित विश्व संकल्प पर्यावरण वाटिका परिसर में रोपित पोधो के आसपास निंदाई गुड़ाई कर खरपतवार, कंटीली झाड़ियां, घास आदि की साफ-सफाई कर पोधो को पानी पिलाया अभियान में संस्था संरक्षक इंजिनियर नवीन कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष किशोर बागड़ी, उपाध्यक्ष राजकुमार सिन्हा, केशव सिंह चौहान आदि ने श्रमदान कर सहभागिता निभाई उक्त जानकारी संस्था उपाध्यक्ष राजकुमार सिन्हा ने दी है।

# नाबालिग की करंट से मौत, परिवार के साथ खेत पर गया था

▶ **पानी देते समय हुआ हादसा**

**नीमच। जावद थाना क्षेत्र के लोद गांव में रविवार को करंट लगने से एक बच्चे की मौत हो गई। मृतक की पहचान कपिल सालवी (11) के रूप में हुई थी। वह सातवीं कक्षा में पढ़ता था। जानकारी के अनुसार, रविवार की छुट्टी होने के कारण कपिल अपने परिवार के साथ खेत पर गया था। खेत में पानी देते समय वह बिजली कंपनी की एक खुली या नीची बिजली लाइन के संपर्क में आ गया, जिससे उसे तेज करंट लगा।**

परिजन उसे तुरंत इलाज के लिए एक निजी अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद शव को जिला अस्पताल लाया गया। पोस्टमॉर्टम प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।



पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने बिजली लाइन की सुरक्षा में लापरवाही का आरोप लगाया है और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## कुएं में गिरने से युवक की दर्दनाक मौत खेत पर काम करते समय हुआ हादसा

**नीमच।** थाना जीरन क्षेत्र के ग्राम तालखेड़ा में शनिवार को एक हृदयविदारक हादसा सामने आया, जहां खेत पर काम कर रहे 35 वर्षीय युवक की कुएं में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान कमलेश पिता प्यारचंद पाटीदार, निवासी ग्राम तालखेड़ा के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कमलेश शनिवार को रोज़ की तरह अपने खेत पर कृषि कार्य कर रहा था। इसी दौरान अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह खेत में स्थित कुएं में जा गिरा। घटना के समय आसपास मौजूद लोगों को जब तक इसकी भनक लगी, तब तक काफी देर हो चुकी थी। सूचना मिलते ही सुरेश पिता काशीराम मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से कमलेश को कुएं से बाहर निकालकर शाम करीब 5 बजे नीमच जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस भी अस्पताल पहुंची और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू की। रविवार को जिला अस्पताल में पुलिस की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराया गया, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।



## यातायात थाना परिसर में ऑटो चालकों का किया नेत्र परीक्षण

**नीमच।** थाना प्रभारी यातायात सोनू बडगुर्जर , मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला अस्पताल के आदेशानुसार नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संगीता मैडम एवं उनकी टीम द्वारा थाना यातायात परिसर में रविवार को ऑटो चालकों का नेत्र परीक्षण रखा गया जिसमें करीब 100 ऑटो चालकों का नेत्र परीक्षण किया गया ।

नेत्र परीक्षण के दौरान जिन चालकों के ऑखो में समस्या पाई गई उन्हे जिला अस्पताल जाने की सलाह दी गई एवं नेत्र परीक्षण के दौरान ऑटो चालकों को चालक वर्दी धारण करने, अपने ऑटो के कागजात रखने एवं यातायात नियमों का पालन करने हेतु यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया एवं शहर में यातायात जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत थाना प्रभारी यातायात सोनू बडगुर्जर , यातायात टीम एवं श्री सुभाष शर्मा जी यमराज की भूमिका में, प्रआर दीपक कोटवारिया चित्रगुप्त की भूमिका के माध्यम से लोगों को हेलमेट और सीट बेल्ट लगाने के लिए और यातायात के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया तथा दो पहिया वाहन चलाने वाले वाहन चालक जो हेलमेट पहनने यातायात नियमों का पालन करते पाये गये उन वाहन चालकों को 02 हेलमेट नि:शुल्क वितरित किये गये।



## अचानक बघाना पहुंची सीएमओ बामनिया

▶ **सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण, बंद नाले को खुलवाने व सफाई व्यवस्था सुधारने के दिए निर्देश**

**नीमच।** सफाई व्यवस्था को लेकर निरंतर सक्रिय नगर पालिका परिषद नीमच की मुख्य नगर पालिका अधिकारी दुर्गा बामनिया 27 दिसंबर शनिवार प्रात: अचानक बघाना क्षेत्र पहुंची और वहां सादड़ी रोड, नाका नंबर 4, बालाजी एनक्लेव सहित अन्य क्षेत्रों में भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा नाका नंबर चार में कब्रिस्तान के पास नाला बंद कर दिए जाने के कारण पानी की निकासी नहीं होने और गंदगी फैलने की शिकायत पर मौका निरीक्षण कर स्वास्थ्य अधिकारी तथा स्वच्छता निरीक्षक को बंद नाला खुलवाने के संबंध में कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीएमओ बामनिया ने संबंधित क्षेत्र के स्वच्छता पर्यवेक्षकों को सफाई व्यवस्था में सुधार के निर्देश भी दिए। सीएमओबामनिया ने बघाना में एक और स्थान पर नाले में गंदगी देख नाले की सफाई करने के निर्देश दिए तथा कुछ स्थानों पर कचरे के ढेर देखकर नाराजगी व्यक्ति की एवं संबंधित स्वच्छता पर्यवेक्षक व कर्मचारियों को कचरा पाइंट के अतिरिक्त कहीं भी कचरे का ढेर न लगाने तथा कचरा समय पर उठवाने के निर्देश दिए। बामनिया ने बघाना क्षेत्र के स्वच्छता पर्यवेक्षको से उनके अधीनस्थ कर्मचारियों की जानकारी प्राप्त कर हाजरी रजिस्टर भी चैक किया।

## स्वामी श्रद्धानंद का 100वां बलिदान दिवस मनाया

**नीमच।** आर्य समाज नीमच में गुरूकुल काँगडी के संस्थापक एवं कन्या पाठशाला के संस्थापक स्वामी श्रद्धानंद का 100वां बलिदान दिवस दिनांक 28.12.2025 को साप्ताहिक सत्संग के दिन मनाया गया। इस अवसर पर उन्होंका स्मरण करते हुए संयोजक आचार्य मनोज स्वर्णकार ने बताया कि महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, गुरूकुल काँगडी के माध्यम से आजादी के लिये अनेकों सैनानियों को अर्पित करने वाले एवं देश बालिकाओं की शिक्षा के लिये पाठशाला खोलकर शिक्षा जगत में रूढीवादी समय में नई क्रान्ति करने वाल वे पहले व्यक्ति थे। उन्होंने देश व हिन्छुओं की जागृति के लिये नारी शिक्षा, विधवा विवाह, शुद्धी आन्दोलन, बाल विवाह एवं सती प्रथा के विरोध के साथ देश आजादी व समाज में अनेक आंदोलन किये। उन्हें गौरव प्राप्त था कि गुरूद्वारों, चर्च एवं दिल्ली की जामा मस्जिद से प्रवचन देने का अवसर प्राप्त हुआ। शुद्धि आन्दोलन के चलते अब्दुल रशीद नामक आतंकवादी ने 23 दिसम्बर 1926 को घर में घुसकर उन्हों की हत्या कर दी थी।

## फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन बेचने वाला मुख्य षडयंत्रकर्ता गिरफ्तार

**नीमच।** भू माफियाओं के विरूद्ध चलाये जा रहे प्रदेश व्यापी विशेष अभियान के तहत श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जिला नीमच श्री अंकित जायसवाल व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री नवलसिंह सिसौदिया एवं अअपु जावद श्री रोहित राठौर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जावद निरीक्षक श्री जितेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में चौकी प्रभारी नयागॉव मंगलसिंह राठौड की टीम के द्वारा जमीन की फर्जी रजिस्ट्री कराने वाले मुख्य षडयंत्रकर्ता आरोपी को गिरफतार करने सफलता प्राप्त की है।



फरियादी बंशीलाल पिता स्व0 बगदुराम धाकड निवासी चरलिया ब्राम्हाण थाना निम्बाहेडा कोतवाली जिला चित्तौडगढ राज0 के द्वारा प्रस्तुत शिकायती आवेदन पत्र जिसमें फरियादी के पिता स्व0 बगदूराम धाकड के नाम से कूट रचित फर्जी वसीयत तैयार कर नामांतरण पश्चात रजिस्ट्री करवाकर फरियादी की नयागांव स्थित जमीन को बैचने संबंधी शिकायत प्राप्त होने पर थाना जावद पर अप. क्र. 483/2025 धारा 318(4), 336, 338, 339, 340, 61(2, 3(5) बीएनएस वर्ष 2023 का प्रकरण आरोपीगण 1. अक्षय शर्मा पिता राजेन्द्र शर्मा नि. बाबल थाना जावद, 2. पुष्पाबाई पति स्व0 राधेश्याम गर्ग नि. चित्तौडगढ, 3. अनिल पिता राधेश्याम गर्ग नि. चित्तौडगढ, 4. संतोषबाई पति मदनलाल जोशी नि0 जावद, 5. मदनलाल पिता गोपाल जोशी नि0 जावद, 6. बाबूलाल नाथ पिता रूपलाल नाथ नि0 प्रतापगढ पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । विवेचना के दौरान विकास पिता सत्यनारायण चन्द्रावत नि. जावद को आरोपी बनाया गया । प्रकरण की विवेचना में आरोपी 1. पुष्पाबाई पति स्व0 राधेश्याम गर्ग नि. चित्तौडगढ, 2. अनिल पिता राधेश्याम गर्ग नि. चित्तौडगढ, 3. संतोषबाई पति मदनलाल जोशी नि0 जावद, 4. मदनलाल पिता गोपाल जोशी नि0 जावद, 5. विकास पिता सत्यनारायण चन्द्रावत नि. जावद पूर्व में गिरफतार कर न्यायालय पेश किये गये थे । प्रकरण में मुख्य आरोपी अक्षय शर्मा पिता राजेन्द्र शर्मा नि. बाबल थाना जावद को दिनांक 22.12.2025 को गिरफतार कर माननीय न्यायालय से पुलिस रिमांड लिया गया।






## पूर्व मंत्री एवं विधायक सखलेचा की मेहनत रंग लाई, टेंडर विज्ञप्ति हुई जारी

▶ **नवीन परिषद भवन व दुकानों के लिए 413 लाख रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति मिली**

**सिंगोली।** विगत लंबे समय से नगर परिषद सिंगोली अपने नवीन भवन के लिए बाट जो रही थी। पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक ओमप्रकाश सखलेचा ने पहल करते हुए नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की अनुशंसा पर सिंगोली नगर परिषद को नवीन भवन एवं दुकानों के निर्माण के लिए 413.50 लाख (चार करोड़ तेरह लाख पचास हजार रुपए) की प्रशासकीय स्वीकृति दिलाई।

इस संबंध में सहकार भारती जिलाध्यक्ष दिनेश जोशी ने बताया कि नगर परिषद के लिए नवीन भवन की मांग नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन भाया और उपाध्यक्ष मोतीलाल धाकड़ सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा लगातार माननीय विधायक महोदय से की जा रही थी।

विधायक द्वारा मांग को जायज मानते हुए तथा गंभीरता से लेते हुए नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश जी विजयवर्गीय से 4 करोड़ रुपए से अधिक की राशि नगर परिषद सिंगोली को नवीन भवन और दुकानों के निर्माण के लिए प्रशासकीय स्वीकृति दिलाई। जिसकी टेंडर विज्ञप्ति नगर परिषद द्वारा जारी की जा चुकी है।

श्री जोशी ने बताया कि नगर परिषद के नवीन भवन में करीब 100 चार पहिया वाहनों के लिए बेसमेंट, प्रथम तल पर करीब 20 दुकानें और दूसरी मंजिल पर नगर परिषद सिंगोली का नवीन भवन बनाना एवं लिफ्ट लगाया जाना प्रस्तावित है।

बताया कि लंबी मशक्कत के बाद यह स्वीकृति माननीय विधायक महोदय ओमप्रकाश जी सखलेचा की मेहनत का ही परिणाम है जो सिंगोली एवं क्षेत्र के लिए अनुकरणीय है। एक माह के भीतर ठेकेदार को टेंडर किया जाकर कार्य शुरू करवाया जाएगा।

## वैष्णव बैरागी समाज की बैठक संपन्न, आगामी आयोजनों को लेकर किया विचार-विमर्श

**नीमच।** वैष्णव बैरागी समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक जिलाध्यक्ष नरेन्द्र जी बैरागी के मार्गदर्शन में संपन्न हुई, जिसमें समाज के वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। बैठक का मुख्य उद्देश्य जगतगुरु श्री रामानंदाचार्य जी के आगामी जन्मोत्सव को भव्य, सुव्यवस्थित एवं ऐतिहासिक रूप से मनाने को लेकर विचार-विमर्श करना रहा।

बैठक के दौरान जन्मोत्सव के विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। प्रस्तावित कार्यक्रमों में शोभायात्रा, संत-समागम एवं सामाजिक सहभागिता से जुड़े आयोजनों पर विस्तार से चर्चा की गई। आगामी 9 जनवरी को समाजजनों द्वारा रामानंदचार्य जी का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ टाउन हॉल में मनाया जायेगा। आयोजन के पहले भव्य शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्गो से होती हुई टाउन हॉल में धर्मसभा में परिवर्तित होंगी। साथ ही व्यवस्थाओं एवं अनुशासन को लेकर भी आवश्यक निर्णय लिए गए।

बैठक में यह भी तय किया गया कि जन्मोत्सव के आयोजन में समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी, ताकि युवा, महिला एवं वरिष्ठजन सभी सक्रिय रूप से योगदान दे सकें। आयोजन को सफल बनाने हेतु विभिन्न समितियों का गठन कर जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं तथा प्रचार-प्रसार, व्यवस्था, अतिथि स्वागत एवं सेवा कार्यों पर विशेष ध्यान देने का निर्णय लिया गया।

समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि जगतगुरु श्री रामानंदाचार्य जी का जीवन और दर्शन समाज को समरसता, भक्ति एवं सामाजिक एकता का संदेश देता है, और उनका जन्मोत्सव समाज के लिए प्रेरणा का अवसर है। उन्होंने सभी समाजजनों से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल और स्मरणीय बनाएं। बैठक सौहार्दपूर्ण एवं सकारात्मक वातावरण में संपन्न हुई और अंत में जगतगुरु श्री रामानंदाचार्य जी के जन्मोत्सव को सफल बनाने के संकल्प के साथ बैठक का समापन किया गया।

**ज्योतिष** ▶ **रहस्य, भ्रम, आकस्मिक घटनाओं और अप्रत्याशित बदलावों का ग्रह माना जाता है राहु को**

# नए साल में बदलेगी राहु की चाल, इन राशियों पर बरसेगा भाग्य का वरदान

▶ **राहु का मकर प्रवेश, मेहनत का मिलेगा पूरा फल**

**भाग्य का चक्र घूमेगा, राहु के साथ बदलेगा सितारों का हाल**

**नीमच।** वैदिक ज्योतिष में राहु को रहस्य, भ्रम, आकस्मिक घटनाओं और अप्रत्याशित बदलावों का ग्रह माना जाता है। भले ही इसे पापी ग्रहों की श्रेणी में रखा गया हो, लेकिन इसकी चाल कई बार जीवन में ऐसे सकारात्मक मोड़ भी लाती है, जिनकी किसी ने कल्पना तक नहीं की होती। नए साल और आने वाले समय को लेकर राहु का गोचर एक बार फिर चर्चा में है। ज्योतिषाचार्य शैलेन्द्र उपाध्याय के अनुसार, वर्ष 2026 के अंतिम चरण में राहु अपनी राशि बदलते हुए मकर में प्रवेश करेगा, जो कई राशियों के लिए निर्णायक और सौभाग्यशाली साबित हो सकता है।

वर्ष की शुरुआत में राहु कुंभ राशि में विराजमान रहेंगे, लेकिन साल के अंत में यह शनि की दूसरी राशि मकर में गोचर करेंगे। चूंकि राहु वक्री गति से चलने वाला ग्रह है, इसलिए इसका गोचर हमेशा पीछे की ओर होता है। शनि की स्वामित्व वाली मकर राशि में राहु का प्रवेश विशेष महत्व रखता है, क्योंकि यहां यह ग्रह अधिक व्यावहारिक, कर्मप्रधान और परिणाम देने वाला हो जाता है। इस परिवर्तन का असर न सिर्फ व्यक्तिगत जीवन पर पड़ेगा, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और वैश्विक घटनाओं में भी इसके संकेत देखने को मिल सकते हैं।

ज्योतिष के जानकारों का मानना है कि राहु का यह गोचर जहां कुछ राशियों के लिए सावधानी का संकेत देगा, वहीं तीन राशियों के लिए यह अच्छे दिनों की शुरुआत साबित हो सकता है। खासतौर पर वृषभ, कन्या और मीन राशि के जातकों के लिए यह समय उन्नति, लाभ और नई संभावनाओं से भरा रहेगा।

**वृषभ राशि : धन और कॅरियर में आएगी तेजी**

वृषभ राशि के जातकों के लिए राहु का मकर गोचर आर्थिक दृष्टि से बेहद शुभ माना जा रहा है। लंबे समय से अटके हुए धन की प्राप्ति के योग बनेंगे। जिन लोगों ने पहले निवेश किया था, उन्हें अब उसका अच्छा लाभ मिल सकता है। आय के नए स्रोत खुलने की संभावना है, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

नौकरीपेशा लोगों के लिए यह समय प्रमोशन, वेतन वृद्धि या नई जिम्मेदारियों के साथ आगे बढ़ने का संकेत दे रहा है। वहीं व्यापारियों के लिए यह गोचर विस्तार और नई डील्स का अवसर लेकर आएगा। विदेश से जुड़े कार्यों, आयात-निर्यात या मल्टीनेशनल कंपनियों से जुड़े लोगों को भी विशेष लाभ मिल सकता है। कुल मिलाकर वृषभ राशि वालों के लिए यह समय मेहनत का मीठा फल देने वाला साबित होगा।

**कन्या राशि : मेहनत को मिलेगी पहचान**

कन्या राशि के जातकों के जीवन में राहु का यह गोचर कार्यक्षेत्र में बड़ा बदलाव ला सकता है। लंबे समय से



जो लोग संघर्ष कर रहे थे या जिनकी मेहनत नजरअंदाज हो रही थी, अब उन्हें पहचान मिलने के योग हैं। करियर में स्थिरता आएगी और नई जिम्मेदारियों के साथ आगे बढ़ने का मौका मिलेगा।

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए यह समय सफलता दिलाने वाला हो सकता है। नई नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं और जो लोग नौकरी बदलने की सोच रहे हैं, उनके लिए भी राहु का यह गोचर अनुकूल रहेगा। इसके साथ ही स्वास्थ्य के लिहाज से भी राहत के संकेत हैं। पुरानी बीमारियों से छुटकारा मिलने और मानसिक तनाव कम होने की संभावना है।

**मीन राशि : खुलेगा भाग्य का द्वार**

मीन राशि के जातकों के लिए राहु का यह परिवर्तन भाग्य का द्वार खोलने जैसा माना जा रहा है। अचानक धन लाभ, रुके हुए कामों का पूरा होना और सामाजिक मान-सम्मान में वृद्धि के संकेत मिल रहे हैं। जो योजनाएं लंबे समय से अटकी हुई थीं, वे अब गति पकड़ सकती हैं। इस दौरान मीन राशि वालों की आध्यात्मिक रुचि बढ़ेगी और मानसिक रूप से आत्मविश्वास मजबूत होगा। रचनात्मक क्षेत्र, मीडिया, लेखन, फिल्म, संगीत या शोध से जुड़े लोगों के लिए यह समय विशेष उपलब्धियां दिला सकता है। समाज में नई पहचान बनेगी और लोगों से सहयोग भी मिलेगा।

### क्या कहता है राहु का गोचर...

ज्योतिषाचार्य शैलेन्द्र उपाध्याय के अनुसार, राहु का मकर गोचर कर्म और परिणाम का स्पष्ट संदेश देता है। यह समय उन लोगों के लिए विशेष फलदायी रहेगा, जो मेहनत, अनुशासन और धैर्य के साथ आगे बढ़ते हैं। हालांकि राहु भ्रम भी पैदा करता है, इसलिए किसी भी बड़े फैसले में सोच-समझकर कदम उठाना जरूरी होगा। नए साल और आने वाले समय में राहु की यह बदली हुई चाल जहां कुछ के लिए चुनौती बनेगी, वहीं वृषभ, कन्या और मीन राशि के जातकों के लिए यह अच्छे दिनों की दस्तक साबित हो सकती है। ज्योतिष के अनुसार, सही दिशा में किया गया प्रयास इस गोचर के दौरान भाग्य का पूरा साथ दिला सकता है।